महानिदेशक राजेन्द्र सिंह, रा त प, त प
महानिदेशक भारतीय तटरक्षक

DG Rajendra Singh, PTM, TM
Director General Indian Coast Guard

Tel. : 91-11-23382546
Fax : 91-11-23385185
E-mail : dg@indiancoastguard.nic.in

तटरक्षक मुख्यालय
राष्ट्रीय स्टेडियम परिसर
नई दिल्ली 110001

Coast Guard Headquarters
National Stadium Complex
New Delhi 110001

महानिदेशक का संदेश

हिंदी दिवस - 2018

'हिंदी दिवस - 14 सितंबर' के अवसर पर भारतीय तटरक्षक के सभी अफसरों और कार्मिकों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

2. अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस अवसर पर तटरक्षक की सभी स्थापनाएं अपने-अपने स्तर पर हिंदी पखवाड़ा मना रही हैं। भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम तो होती ही है, साथ ही यह व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की पहचान भी होती है। हिंदी राष्ट्रीय एकता, संस्कृति और जन संपर्क का सबसे बड़ा माध्यम है। हिंदी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। हमारे देश में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली हिंदी भाषा को हमारे संविधान में संघ की राजभाषा का गौरव प्राप्त है। आज हिंदी राजभाषा, संपर्क भाषा, जन भाषा के सोपानों को पार करके विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर है। यह बड़े गर्व की बात है कि हमारे संगठन में सर्वत्र वार्तालाप के लिए अधिकांशतः हिंदी का ही प्रयोग किया जाता है।

3. सरकार की राजभाषा नीति सद्भावना, प्रेरणा तथा प्रोत्साहन पर आधारित है। हमें भी इन तीन मूलमंत्रों को ध्यान में रखना है। सर्वप्रथम, हमें हिंदी को भावनात्मक दृष्टिकोण से अपनाना है। दूसरे जो लोग पहले से ही हिंदी में अच्छा काम कर रहे हैं, उनसे प्रेरणा लेनी है तथा सरकार द्वारा लागू प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाते हुए हिंदी को अपने रोजमर्रा के सरकारी काम-काज का हिस्सा बनाना है।

4. भारतीय तटरक्षक एक सैन्य बल है, जिसमें भिन्न-भिन्न भाषाई क्षेत्रों से आए लोग साथ-साथ काम करते हैं और हमारे सभी मौखिक अनुदेश/निर्देश हिंदी में दिए जाते हैं। इसलिए हमारा पूर्ण प्रयास होना चाहिए कि अपने सरकारी काम-काज में अपनी राजभाषा को प्राथमिकता दें। सामान्य पत्राचार में अनुवाद का सहारा न लें, बल्कि मूल रूप में हिंदी का प्रयोग करें तभी हम हिंदी में काम करने में अभ्यस्त एवं कामयाब होंगे।

5. हमने राजभाषा हिंदी के जरिये अपनी समृद्ध बौद्धिक परंपरा के साथ आधुनिक ज्ञान को मिलाकर, सफलता के नये आयाम स्थापित किए हैं। आज विश्व भारत को एक उभरती हुई विश्व शक्ति के रूप में देख रहा है, लेकिन यह तभी साकार होगा, जब हम राजभाषा हिंदी को ज्ञान-विज्ञान, अर्थव्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी आदि सभी क्षेत्रों से जोड़े और इन क्षेत्रों के लाभ जन-जन तक पहुंचें।

6. हिंदी दिवस-2018 के शुभ अवसर पर मैं संगठन के सभी अफसरों एवं कार्मिकों से अपील करता हूँ कि वे अपना अधिकतम सरकारी काम-काज राजभाषा हिंदी में करें और इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं।

जय हिंद ।

राजेन्द्र सिंह

(राजेन्द्र सिंह)
महानिदेशक भारतीय तटरक्षक

नई दिल्ली
दिनांकः १४ सितंबर, 2018